हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

11 संस्कार से जुड़े रहकर ही नई पीढ़ी भविष्य की चुनौतियों...



12 प्रजापति समाज के हाथों के हुनर में देश की आत्मा...



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** सिलाना गांव से पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक गांव के बस अड्डे पर खड़ा है। जिसके पास अवैध पिस्तौल है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक वहां से गोरड़ मार्ग की तरफ जाने लगा। पुलिस ने युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली, तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। युवक की पहचान गांव जोली निवासी अमित के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### हमलावर युवकों ने दो को पीटकर घायल किया

**खरखौदा।** थाना खुर्द गांव में कई हमलावर युवकों ने दो युवकों को पीटकर घायल कर दिया। हिमांशु ने बताया कि वह और उसका दोस्त सन्नी गांव के ही दीपांशु के घर लड़का होने की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में गए हुए थे। कार्यक्रम देर रात तक चला। जब वे दोनों मोटरसाइकिल पर अपने घर आ रहे थे तो बीच रास्ते में सचिन ,सुमित व उनके एक दोस्त ने उनकी मोटरसाइकिल रुकवा ली और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने उन दोनों पर लाठी डंडों व लोहे का दा मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें इलाज कराने के लिए खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने हमलावर युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नागरिक अस्पताल की जर्जर इमारत बनी परेशानी का सबब

# बारिश में टपक रहा पानी, कर्मियों को सता रहा करंट लगने का डर

सबसे ज्यादा दिक्कत आपातकालीन वार्ड में आती है, जहां छत से टपकते पानी के बीच मरीजों का इलाज करना डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

जिले का नागरिक अस्पताल, जहां हर दिन सैकड़ों मरीज इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, अब खुद गंभीर हालातों से जूझ रहा है। बारिश शुरू होते ही अस्पताल की कई वार्डों की छतों से पानी टपकने लगता है, जिससे न सिर्फ मरीज और उनके परिजन परेशान हैं, बल्कि उपचार कार्य भी खतरे में पड़ जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत आपातकालीन वार्ड में सामने आती है, जहां छत से टपकते पानी के बीच मरीजों का इलाज करना डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है।

अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि पानी टपकने से बिजली के उपकरण और मशीनें लगातार खतरे में रहती हैं। करंट फैलने का डर हमेशा बना रहता है, जिससे मरीजों और स्टाफ की जान जोखिम में पड़ सकती है। कई बार कर्मचारियों को मजबूरन मरीजों को सुरक्षित जगह शिफ्ट करना पड़ता है। अस्पताल में तैनात स्टाफ ने बताया कि बरसात के समय वार्डों में बैठना भी मुश्किल हो जाता है।





**सोनीपत।** आपातकालीन कक्ष में छत से टपकता पानी, आई सीलन व पानी को फैलने से रोकने के लिए रखा डिब्बा। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** छत पर रिपेयरिंग का काम करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है अस्पताल

मरीजों के साथ आए परिजनों का आरोप है कि जिस अस्पताल पर लोगों का जीवन सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है, वहीं अब खुद मरीजों की सुरक्षा पर खतरा बन चुका है। यदि जल्द ही इमारत की व्यापक मरम्मत और स्थायी समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अस्पताल की हालत सुधारना स्वास्थ्य सेवाओं को बचाने के लिए जरूरी कदम है।

### दीवारों और छत पर सीलन स्पष्ट

नागरिक अस्पताल की इमारत काफी पुरानी हो चुकी है और दीवारों व छतों पर सीलन स्पष्ट दिखाई देती है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से रिपेयरिंग कार्य शुरू किया गया है, लेकिन उसकी गति बेहद धीमी है। लोगों का कहना है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद प्रशासन की उदासीनता मरीजों की परेशानियों को और बढ़ा रही है।

### इमारत की मरम्मत का कार्य जारी

*इमारत की मरम्मत का कार्य जारी है और जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। तब तक के लिए वार्डों में अस्थाई इंतजाम किए गए हैं, ताकि मरीजों और कर्मचारियों को कम से कम परेशानी हो। प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।*

*-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी*



**सोनीपत।** ट्यूब के सहारे पानी में विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला पार्षद एवं सरपंच प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

# हुल्लाहेड़ी अंडर ब्रिज में 15 फुट पानी, 200 एकड़ फसल डूबी

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

हुल्लाहेड़ी गांव में अंडर ब्रिज के नीचे 15 फुट पानी भरने और ड्रेन की सफाई न होने से करीब 200 एकड़ जमीन की फसल खराब हो गई। इस समस्या के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सरपंच प्रतिनिधि जगमाल के साथ पानी में ट्यूब लगाकर उतरते हुए प्रशासन का ध्यान खींचा।

उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या पर सरकार और प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। अधिकारी केवल लीपापोती कर रहे हैं, जबकि किसान अपनी फसल बचाने के लिए खुद प्रबंध कर रहे हैं। बड़वासनिया ने मांग की कि अंडर ब्रिजों से पानी निकासी का स्थायी प्रबंध किया जाए और जिलेभर में ड्रेन की सफाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को हरियाणा के किसानों की बर्बाद हो रही फसलों पर तुरंत विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हुल्लाहेड़ी, चिटाना, जुआ, बड़वासनी, करेवड़ी, जाट माजरा और रतनगढ़ बगरू गांवों की फसलें लगातार खराब हो रही हैं।

# दुकान पर खड़ी किसान की ट्रॉली चोरी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**सोनीपत।** गांव खेड़ा निवासी किसान ने अपनी ट्रॉली को पेंट करवाने के लिए गांव पालड़ी खुर्द स्थित एक दुकान पर खड़ा किया था। जब वह अगले दिन दुकान पर पहुंचा तो देखा कि ट्रॉली वहां से गायब थी। किसान ने आसपास तलाश की, लेकिन ट्रॉली का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने तुरंत बहालगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित किसान के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रॉली की चोरी का सुराग लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# जलभराव से खरखौदा क्षेत्र के खेतों में खड़ी फसलें हो रहीं बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭खरखौदा

क्षेत्र के खेतों में वर्षा का जल भर जाने से फसलें खराब हो रही हैं। रोहतक मार्ग क्षेत्र का पानी मटिंडू मार्ग को पार करके सांपला मार्ग की तरफ आ रहा है। जिससे करीब डेढ़ सौ से 200 एकड़ फसल में पानी भर गया है। जिससे कपास, बाजरा, ज्वार की फसल प्रभावित हो रही है।

कई जगह पर कपास की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। किसान सुरेंद्र ,पप्पू ,संजय, टीका सिंह का कहना है कि सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द खेतों की गिरदावरी कराकर और खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। किसान सुरेंद्र का कहना है कि उसका फसलों के कारण करीब दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। संजय, टीका सिंह का कहना है कि उन्होंने दामों पर जमीन को लेकर कपास व बाजरे की खेती की थी, जो बरसाती पानी के कारण नष्ट हो गई है।

शहर की एसटीपी के पास भी मेन होल ओवरफ्लो हो गए हैं। जिससे समस्या के बढ़ने की आशंका है। एसटीपी के साथ वाली बस्ती चारों तरफ से पानी से घिर चुकी है। जिसे तत्काल मदद की आवश्यकता है। इसके अलावा शहर के स्वर्ग धाम, छपड़ेश्वर कॉलोनी में कई जगह पर पानी भरा हुआ है। सैनी मोहल्ला में भी पानी भरा हुआ है जिसकी निकासी के लिए प्रशासन द्वारा मोटर लगाई जा चुकी है।



**खरखौदा।** कपास की खराब हुई फसल को दिखाते किसान। फोटो : हरिभूमि

# यमुना में छोड़े गए पानी से डूबी फसलों से हुए नुकसान का लिया जायजा

- प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने मौके पर मौजूद किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭राई

यमुना नदी में ताजेवाला बैराज से छोड़े गए पानी ने राई क्षेत्र के गांवों में तबाही मचा दी है। यमुना के क्षेत्र में खेतों में खड़ी धान, गन्ना, सब्जी और अन्य फसलें पानी में डूब गईं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है, वहीं किसानों की पीड़ा जानने और उनके साथ खड़े होने के लिए रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया । प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने मौके पर मौजूद भैरा बांकीपुर, मनौली व अन्य गांव के किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए इस नुकसान का उन्हें दुख है। भाजपा सरकार हर किसान के साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि तुरंत नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाए और राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने कहा कि यमुना के उफान से खेतों में खड़ी महीनों की मेहनत चौपट हो गई है।

उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार से हर संभव मदद दिलवाई जाएगी। वहीं मंडल अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान ने कहा कि क्षेत्र के किसान मेहनतकश हैं और संकट की घड़ी में पार्टी व प्रशासन उनके साथ खड़ा है। गांवों के दौरे के दौरान किसानों ने नेताओं को बताया कि पानी खेतों में घुसने से वे अपनी फसल को बचा नहीं पाए। गन्ना, धान और हरी सब्जियां पूरी तरह से जलमग्न हो चुकी हैं। पशुओं के लिए चारा भी पानी में बह गया है। किसानों ने मांग की कि सरकार शीघ्र नुकसान का मुआवजा दे, ताकि वे अगली फसल की बुवाई कर सकें। भैरा बांकीपुर के सरपंच जयराम शर्मा ने बताया कि यमुना का पानी धीरे-धीरे खेतों से निकल रहा है, लेकिन नुकसान इतना अधिक है कि किसानों को उबरने में लंबा समय लग सकता है। इस मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद थे।



**राई।** प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली यमुना में छोड़े गए पानी से डूबीं फसलों से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए साथ में सरपंच जयराम शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# बरसात के बाद रेलवे रोड फिर हुआ बदहाल, राहगीरों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

बरसात के बाद शहर के रेलवे रोड में एक बार फिर से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ो रुपये की लागत से बनी सड़क पर दो वर्ष में ही गड्ढे होने लगे हैं। शहर को जीटी रोड से जोड़ने वाले रेलवे रोड का करीब चार वर्ष पहले जीर्णोद्धार किया गया था।

इस सड़क के जीर्णोद्धार के बाद लोगों को राहत मिली थी, लेकिन अब फिर सड़क पर फिर से गड्ढों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में भवन एवं सड़क निर्माण विभाग द्वारा अब गड्ढों को भरने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। विभाग द्वारा रोड के गड्ढों को भरने के लिए रोड़ी डस्ट का मिश्रण डाला जाता है, लेकिन हर बार बारिश के बाद यह मिश्रण पानी के साथ बह जाता है। यह सरकार के पैसों दुरूपयोग है। अब जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बनने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। हालत यह है कि वाहन चालक हर रोज जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे रोड शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है। हजारों वाहन रोजाना यहां से गुजरते हैं। लेकिन सड़क की मरम्मत समय पर न होने के कारण यहां आए दिन जाम और हादसे जैसी स्थिति बन रही है। व्यापारियों का कहना है कि खराब सड़क के कारण उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की रिपेयरिंग कराने की मांग की है।

### जल्द करवाई जाएगी मरम्मत

इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि रेलवे रोड की स्थिति का निरीक्षण किया गया है। जल्द ही संबंधित विभाग को निर्देश देकर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क को प्राथमिकता पर दुरुस्त किया जाएगा।



**गन्नौर।** बरसात के बाद क्षतिग्रस्त हुआ रेलवे रोड। फोटो : हरिभूमि

# किशोरी और युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, युवक की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

शहर में अलग-अलग स्थानों पर जहरीला पदार्थ निगलने के दो मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटनाओं में 16 वर्षीय किशोरी और 24 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

किशोरी की पहचान दीपू (16) निवासी दयाल चौक के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दीपू का अपने भाई के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुस्से में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है और वह खतरे से बाहर है। किशोरी को उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।

वहीं, युवक की पहचान दीपांश (24) निवासी गढ़ी बख्तावरपुर के रूप में हुई है। दीपांश की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे तुरंत वहां लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटनाओं की सूचना मिलने पर संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि किशोरी और युवक के बयान दर्ज किए जाएंगे और परिजनों से पूछताछ कर घटनाओं के कारणों का पता लगाया जाएगा। प्रारंभिक जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### क्षमावाणी पर्व पर हुआ 10 लक्षण पर्व का समापन, क्षमा को बताया जीवन का आभूषण

**सोनीपत।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मंडी सोनीपत में 10 लक्षण पर्व का समापन क्षमावाणी पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के प्रथम अभिषेक और शांतिधारा से हुई। इस अवसर पर अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य श्रीपाल जैन एडवोकेट परिवार, पंकज जैन, नीरज जैन, धीरज जैन परिवार तथा सन्मति भूषण महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवारजन जगदीश जैन को प्राप्त हुआ। जगदीश जैन और जयकुमार जैन ने कहा कि 10 दिन तक आत्मशुद्धि हेतु विधान किए गए और भगवान से प्रार्थना की गई कि समाज और राष्ट्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। वहीं मुकेश जैन ने कहा कि क्षमा धर्म केवल जैनों तक सीमित नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए है। क्षमा भाव रखने से आपसी विवाद, झगड़े और मनमुटाव समाप्त हो सकते हैं और समाज में मैत्री व प्रेम का वातावरण बनता है। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने इंद्र बनकर जल यात्रा निकाली और भगवान का अभिषेक कर पुण्यार्जन किया। कार्यक्रम में जैन समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# इंडियन कॉलोनी में सीवर समस्या, सड़क पर भरा गंदा पानी बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

शहर की इंडियन कॉलोनी गली नंबर-3, सौ फुटा रोड पर सीवरेज समस्या ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। गली में सीवरेज का पानी लंबे समय से भरा रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभाग की तरफ से लोगों की समस्या का हल नहीं निकाला जा रहा है। लोग कॉलोनी में नरकीय जीवन जीने पर मजबूर है।

कॉलोनी वासियों का कहना है कि सीवरेज लाइन जाम होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। यह पानी कई दिनों तक गली में जमा रहता है, जिससे बदबू फैलने के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। गली से होकर स्कूल जाने वाले छात्रों और छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि गंदगी और बदबू के बीच बच्चों को स्कूल भेजना मजबूरी बन गया है। कई बार बच्चे गली से गुजरते समय फिसल कर गिर भी जाते है।

स्थानीय निवासियों ने नगर निगम अधिकारियों से जल्द से जल्द सीवरेज की सफाई कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि लगातार लापरवाही से क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है और यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते है।




**सोनीपत।** गली में बह रहा सीवर का दूषित पानी व पानी से रेहड़ी निकालते हुए बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि




समुद्र में गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।
- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।



## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

## आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

---

## 12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ

अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेज़ी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेज़ी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।


**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षताः एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स



### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

**सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।**

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

**अर्थशास्त्र**
- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

**मनोविज्ञान**
- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

**भूगोल**
- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

**जनसंचार**
- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**उच्च अध्ययन के विकल्प**
- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइजेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु



### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज़्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

**मीडिया एवं जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

**कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर**
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**
- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

**कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन**
- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

**पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र**
- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- अंग्रेजी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

**इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र**
- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

**अर्थशास्त्र**
- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

**मनोविज्ञान**
- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

**भूगोल**
- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

**दर्शनशास्त्र**
- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

**जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

### स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइजेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

---

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

### चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे किः

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

### छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींवः भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंः अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### सिलाना और फरमाना में किया पौधरोपण

**खरखौदा।** सिंबल ऑफ नॉलेज अंबेडकर एजुकेशनल एंड सोशल रिफॉर्म्स ऑर्गेनाइजेशन सोसाइटी-एक प्रयास समानता का ने रविवार सिलाना, फरमाना व लुहारी टिब्बा में 17वां पौधरोपण अभियान चलाया। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर रविंद्र सिंह अहलावत ने व्यायाम शाला में पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की।

### संगठन ने रोपे विभिन्न किस्मों के 58 पौधे

**गोहाना।** गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज कल्याण संगठन ने रविवार को बरगद, पीपल, नीम और पालम खीरा के 58 पौधे रोपे। गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अभियान के तहत पौधारोपण पानीपत रोड पर लावारिस पीड़ित पशु गोशाला से लेकर बाइपास तक सड़क के किनारे फुटपाथ की खाली जगह में किया गया। संगठन की टीम ने नवरोपित पौधों को पशुओं से सुरक्षा के लिए ट्री गार्डों में संरक्षित किया।

### सुन्दरकांड पाठ और श्रीरामकथा का आयोजन

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा रविवार को डबल स्टोरी में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धापूर्वक श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्रीरामकथा संपन्न हुई। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया और पूरे वातावरण में भक्ति रस छा गया। संस्था के प्रमुख ओम प्रकाश अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

### शिक्षक करते हैं संस्कारों व नैतिकता का निर्माण

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत द्वारा मुरथल रोड पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह का विषय 'ज्ञानांजलि' रखा गया, जिसके अंतर्गत समाज के उत्थान में शिक्षकों की अमूल्य भूमिका को सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डा. शकुन्तला गखड़ रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, नैतिकता और संस्कारों का निर्माण करते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो समाज को नई दिशा देती है और राष्ट्र को सशक्त बनाती है।

### भारत का नेतृत्व करने वाले अक्षित को किया सम्मानित

**खरखौदा।** साऊथ अफ्रीका में युवा शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करने वाले अक्षित दहिया के सम्मान में गांव खांडा स्थित श्रीराम वाटिका में समारोह आयोजित किया गया। विधायक पवन खरखौदा बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शामिल हुए। जबकि नपा अध्यक्ष हीरालाल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिनेश ठेकेदार ने किया।

### श्रीजी स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**सोनीपत।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को तिलक लगाकर व पुष्प भेंट कर की गई। इसके पश्चात डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### 'पौधा लगाएं, जीवन बचाएं' अभियान चलाया

**सोनीपत।** ग्राम बहालगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। ग्राम सरपंच राजेश स्वामी और ग्राम पंचायत मेंबर संदीप के नेतृत्व में श्मशान भूमि परिसर में 51 पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण कार्यक्रम के साथ-साथ 'पौधा लगाएं, जीवन बचाएं' अभियान भी संचालित किया गया।

---

### शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सेवा भाव, संयम और परिश्रम का होना जरूरी

# संस्कार से जुड़े रहकर ही नई पीढ़ी भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकेगी: हरविंद्र

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं व शिक्षकगणों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को सम्मानित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण साथ में डॉ. आरके गुप्ता, नीरज शर्मा, अरुण बंसल एवं अन्य।



सोनीपत। शिवा स्कूल के स्टाफ के साथ विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में प्रत्येक नागरिक का योगदान आवश्यक है। जहां एक ओर विकास कार्यों की जरूरत है, वहीं आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कारों से जोड़ना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

**भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने की शिरकत**

भारत विकास परिषद द्वारा 63वें स्थापना दिवस पर शिवा शिक्षा सदन स्कूल में गुरू वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने द्वीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम' के सफल आयोजन की सराहना करते हुए भारत विकास परिषद की टीम को बधाई दी। उन्होंने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों व विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि जब किसी व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है तो उसका उत्साह बढ़ता है और वह समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनता है।

#### वीरेंद्र बंसल से लिया आशीर्वाद

इस अवसर पर उन्होंने संस्था के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बंसल से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके शिक्षा व समाज कल्याण के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय योगदान को प्रणाम करते हुए सराहना की। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या अलका विज को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ प्राचार्या पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, पाठ्यचर्या निर्माण में विशेष योगदान देने वाली अर्चना कामरा को बेस्ट टीचर अवॉर्ड से अलंकृत किया गया। वहीं इस दौरा ब्लॉगरी.ओरग की फाउंडर हिति बंसल को भी डॉ. हरविंदर कल्याण ने सम्मानित किया।

#### ये रहे मौजूद

*उन्होंने कहा कि यदि हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ी रहे तथा आधुनिक तकनीक का समुचित उपयोग करते हुए आगे बढ़े, तो वे हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनेंगे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजु, भाजपा वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा, रविन्द्र दिलावर, भारत विकास परिषद सोनीपत शाखा के वरिष्ठ सदस्य नीरज शर्मा, डॉ. निखिल गुप्ता, सोनीपत शाखा के अध्यक्ष डॉ. दक्ष गुप्ता, राजमार्ग शाखा के अध्यक्ष शिव सक्सेना, प्रबुद्धा शाखा के अध्यक्ष मोहित भटनागर, माधव शाखा के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य अरुण बंसल, रचना गुप्ता, राजीव गुप्ता, श्रीभगवान गुप्ता, संजीव सरदाना, पंकज राजावत, योगेश जैन, राजेश गुप्ता, डॉ. आरके गुप्ता, शारदा रेलन, शिवा शिक्षा सदन संचालक वीरेंद्र बंसल, विश्वनाथ गौतम, आशीष अग्रवाल, चंदा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

---



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव बजाना खुर्द में समस्यां सुनने के बाद संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया

# विधायक ने बजाना खुर्द में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

- ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, गलियों व नालियों के निर्माण, पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी समस्याएं रखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव बजाना खुर्द में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, गलियों व नालियों के निर्माण, पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी समस्याएं रखीं, जिस पर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान विधायक ने एक-एक ग्रामीण से बात कर उनकी व्यक्तिगत समस्याएं जानीं और आश्वासन दिया कि जो भी मुद्दे आए हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादियान, बिजली निगम के एक्सईएन प्रदीप, तहसीलदार ललिता दलाल, बीडीपीओ राजेश टिवाना, कानूनगो राजेश व पटवारी दिनेश गोस्वामी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### पावर हाउस का कार्य पूरा

विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बजाना गांव में पावर हाउस का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जिसके शुरू होने के बाद बिजली आपूर्ति और अधिक सुचारू होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने गांव में ही जनप्रतिनिधि के माध्यम से अपनी समस्याएं रखें, जिससे समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

---

# गुरुओं की शिक्षाएं समाज को दिशा देती हैं: कादियान

- भोगीपूर गांव में गुरु गोरखनाथ एवं श्री जाहरवीर गोगा जी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान का स्वागत करते भोगीपूर सरपंच सावन व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

गांव भोगीपुर स्थित गुरु गोरखनाथ एवं श्री जाहरवीर गोगा जी मंदिर में रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ 9वां वार्षिक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

शिविर में कुल 121 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर गौरक्षनाथ भजन मंडली ने गुरु गोरखनाथ की महिमा का मधुर भजनों के माध्यम से बखान किया। विधायक देवेंद्र कादियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक रूप से फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

विधायक कादियान ने कहा, गुरुओं और महापुरुषों की शिक्षाएं समाज को दिशा देती हैं। ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सहयोग और सेवा का संदेश देते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, टेकराम पंडित, सतपाल मास्टर और नवीन सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अभय चौटाला लड़ रहे जनता के हकों की लड़ाई : सुनैना


**खरखौदा।** महिला इनेलो की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने रविवार को खरखौदा हलके के 10 गांव का दौरा किया और ग्रामीणों को 25 सितंबर को रोहतक में चौधरी देवीलाल जयंती पर सम्मान दिवस समारोह में शामिल होने के लिए न्योता दिया। मंडोरा गांव में अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल प्रदेश के ऐसे नेता थे जिन्हें 36 बिरादरी के लोगों से अभूतपूर्व स्नेह मिला था। इसी स्नेह की वजह से जनता ने उन्हें राजनीति के शिखर पर पहुंचाने का काम किया। इसी तरह प्रदेश की जनता ने चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को भी अपना स्नेह देकर कई बार मुख्यमंत्री बनाया। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला प्रदेश की जनता के हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है और अब 11 वर्षों से भाजपा की सरकार है। लेकिन कांग्रेस की सरकार से लेकर भाजपा सरकार तक प्रदेश में बढ़ती महंगाई ,बेरोजगारी व अपराध के कारण किसान, मजदूर, कर्मचारी व व्यापारी वर्ग परेशान हैं।

# बाईपास के सर्विस रोड पर कट की मांग

- भाजपा नेता आजाद नेहरा ने ग्रामीणों के साथ किया विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधानसभा से तीसरी बार बने विधायक विधायक हरविंद्र कल्याण का रविवार को जाहरी चौक पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने जाहरी गांव ग्रामीणों के साथ स्वागत किया। भाजपा ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी के दादा गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग शंकर लाल सैनी ने पगड़ी पहना कर स्वागत



गन्नौर। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का स्वागत करते हुए भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

#### ज्यादा बरसात होने का जिक्र किया

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने ग्रामीणों से ज्यादा बरसात होने का जिक्र करते हुए कहा कि बरसात के कारण आसपास के गांवों के किसानों को नुकसान तो नही हुआ है। ग्रामीणों ने स्पीकर से बाईपास पर जाहरी चोंक पर सर्विस रोड पर आने के लिए कट की मांग भी की। इस अवसर पर वेदपाल अंतिल, रणबीर नैन, पवन प्रजापति, सुरेन्द्र अंतिल, दीपक सैनी, सोनू वर्मा, आशु खत्री, विरेन्द्र लाकड़ा, सोनू खत्री, राकेश कुमार, एडवोकेट निशांत, एडवोकेट श्रवण प्रजापति आदि मौजूद थे।

---



गोहाना। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली।

### जीएसटी दरें घटाकर प्रधानमंत्री ने दी सौगात: बड़ौली

**गोहाना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि केंद्र सरकार ने रोजमर्रा उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम करके लोगों को बड़ी राहत देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस फैसले से जनसामान्य को काफी राहत मिलेगी। वह रविवार को सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तके स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पार्टी कार्यकर्ता इस सेवा पखवाड़े में लोगों की सेवा करें। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बरोदा विधानसभा के गांवों के सरपंचों से मांगपत्र लिए और मांगों को मुख्यमंत्री नायब सैनी से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में नलवा विधायक रणधीर पनिहार, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, डॉ. किरण कलकल, पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, पहलवान योगेश्वर दत्त, डॉ. धर्मवीर नांदल, जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, जितेन्द्र शर्मा, बलराम कौशिक, इंद्रजीत विरमानी,नरेंद्र गहलावत, परमवीर सैनी, डॉ. राममेहर राठी, अमित बाल्मिकी, प्रवीण कश्यप, ओमवीर वत्स व कुलदीप कौशिक उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

भाजपा की महिला विंग की जिला सचिव पुष्प बैरागी ने रविवार को अपने स्वर्गीय पति डा. राजेश की याद में शमशान घाट में त्रिवेणी व अन्य पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पुष्पा बैरागी ने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन की असली धरोहर हैं। इंसान अपने प्रियजनों को याद करने के लिए कई तरीके अपनाता है, लेकिन यदि किसी की याद को हरियाली और प्रकृति से जोड़ा जाए तो यह समाज के लिए भी प्रेरणादायक कदम साबित होता है।

उन्होंने अपील की कि वे भी अपने जीवन के खास अवसरों पर पौधे लगाकर उन्हें संजोएं। धर्मपत्नी ने भावुक होकर कहा कि पति तो अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी याद को जीवित रखने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि उनकी याद में ऐसा कार्य किया जाए, जिससे समाज को लाभ पहुंचे। उन्होंने लोगों को यह संदेश दिया कि पेड़ ही असली साथी हैं, जो हमें छांव, ऑक्सीजन और जीवनदायिनी वातावरण प्रदान करते हैं। बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना की।



गन्नौर। भाजपा की महिला विंग की जिला सचिव पुष्प बैरागी परिजनों के साथ त्रिवेणी लगाते हुए। फोटो: हरिभूमि

# शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान सर्वोपरि: इंदुराज



गोहाना। स्वतंत्रता सेनानी सूरत सिंह मलिक की प्रतिमा का अनावरण करते हुए विधायक इंदुराज नरवाल।

**गोहाना।** गांव मदीना में पूर्व सरपंच एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. सूरत सिंह मलिक का स्मृति स्थल एवं पार्क का निर्माण किया गया है। रविवार को बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का बतौर मुख्य अतिथि अनावरण किया। ग्रामीणों ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है। हमें शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। स्वतंत्रता सेनानी स्व. सूरत सिंह मलिक ने अपने जीवन में समाज और राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि माना। यह समारोह सरपंच पहलवान अमित मलिक, जयपाल मलिक, पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रदीप मलिक, आहुलाना बाहरा प्रधान राज मलिक, पूर्व सरपंच रामचंद्र, मास्टर रामफल, भाकियू जिलाध्यक्ष अशोक लठवाल, बलजीत मलिक, पंचायत समिति सदस्य वजीर, संजय, ठेकेदार संतराम और ठेकेदार सुनील की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

---

### कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली की धर्मपत्नी गीता बडोली ने मुख्य अतिथि शिरकत की

# शिक्षक देश की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं: गीता बड़ोली

- रौनक पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर



गन्नौर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की धर्मपत्नी गीता बड़ौली कार्यक्रम का शुभारम्भ करते, साथ में प्रधानाचार्या रजनी शर्मा।

रौनक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली की धर्मपत्नी गीता बडोली ने मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता बड़ौली ने प्रधानाचार्या रजनी शर्मा के सहयोग से दीप प्रज्जवलित करके किया। गीता बडोली का प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बुके भेंट कर किया। छात्रों ने गीत, एकांकी और अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गीता बडोली ने कहा कि शिक्षकों को नई पीढ़ी के बच्चों के अनुरूप अपने आप को तेजी से और सटीकता के साथ बदलना पड़ता है, जो एक कठिन साधना समान है। रौनक पब्लिक स्कूल इस कार्य को तत्परता से और बखूबी निभा रहा है।

#### अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया

उद्योगपति और माधव जन सेवा न्यास ट्रस्ट के अंतर्गत चलाए जाने वाले सेवा साधन केंद्र के अध्यक्ष पवन जिंदल ने भी अपने अनुभव साझा करते कहा कि निश्चित रूप से वर्तमान समय में शिक्षकों का दायित्व अत्यधिक बढ़ गया है। स्वदेशी के प्रबल समर्थक माधव जन सेवा न्यास ट्रस्ट सेक्रेटरी चिदंबरम, वार्ड नंबर 4 से पार्षद और समाज सेविका बबीता कौशिक ने भी शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति कार्यक्रम में आना हमें सदा ही प्रेषित करता है। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।



गन्नौर। शिविर में नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व लायंस क्लब गन्नौर गौरव अध्यक्ष भावना जग्या को सम्मानित करते क्लब व परिषद के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### रक्तदान शिविर में 84 यूनिट रक्त एकत्रित

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद व लायंस क्लब गन्नौर गौरव द्वारा नगरपालिका परिसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने किया। शिविर में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने भी शिरकत की। शिविर में लायंस ब्लड बैंक शालीमार बाग से आई डा. रुत्वी, प्र्दीप, राहुल, अंजली, विनोद आदि ने 84 यूनिट रक्त एकत्रित किया। देवेंद्र कौशिक ने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को 3 महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर भाविप अध्यक्ष संदीप सिंघल, लायंस क्लब गन्नौर गौरव अध्यक्ष भावना जग्या, हरीश वाधवा, शालू वाधवा, अंकित मल्हौत्रा, नरेंद्र पतंजली, विकास भगवति, तरुण चुघ, नवीन कौशिक, चारू चांदना, मोहित सैनी, हरदीप आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन, सक्षम सोनीपत एवं रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस ने जम्मू, हिमाचल और पंजाब में आई भयानक बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी। संस्था ने आमजन से अपील कर सहयोग जुटाया और शनिवार को 200 परिवारों के लिए 200 राहत किट तैयार कर ग्लोबल सिख्स संस्था सोनीपत को सौंपी। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान भी मौजूद रहे।

### कैंप में 142 मरीजों का किया इलाज



**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा इकाई, श्री श्याम बालाजी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, सशक्त महिला संगठन व कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भंडार के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा, सोनीपत में 30वां मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया गया। इसमें 142 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया और 9 लोगों ने रक्तदान किया।

### पक्षियों की सेवा के लिए प्रदान किए मिट्टी के बर्तन



**सोनीपत।** जीवन रक्षक ब्लड समिति, महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति व आशीर्वाद ब्लड सेंटर के तत्वावधान में शनिवार को रेडक्रास सोसाइटी सोनीपत परिसर में पक्षियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पक्षियों के आश्रय व भोजन हेतु मिट्टी के बर्तन प्रदान किए गए।
कार्यक्रम का आयोजन रेड क्रास सोसाइटी के सचिव गौरव राम करण के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस मौके पर पूर्व डीटीओ धर्मवीर दहिया, हुकुमचंद भारद्वाज, अजीत प्रधान, डीटीओ संजय शर्मा, मुकेश कुमार लेखाकार, नरेंद्र एसआई, भूपेंद्र, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### क्षमा शब्द मानवीय जीवन की आधारशिला : जैन



**सोनीपत।** क्षमा शब्द मानवीय जीवन की आधारशिला है, जिसके जीवन में क्षमा है वह महान है क्योंकि क्षमा केवल बड़े ह्रदय वाला व्यक्ति ही कर सकता है। क्षमा एवं करुणा के भाव से विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। उक्त विचार क्षमावाणी पर्व के अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर मंडी तथा सेक्टर 15 में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने व्यक्त किए।

### चौपाल जीर्णोद्धार के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा

# प्रजापति समाज के हाथों के हुनर में देश की आत्मा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने प्रजापति समाज के उत्थान व कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पार्टी के घोषणा पत्र को लागू करने की दिशा में कार्य किया है। सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है।

गुढ़ा रोड पर पूर्व कर्मचारी नेता व जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य प्रभु दयाल प्रजापति द्वारा मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खेमचंद प्रजापत ने समाज की तरफ से कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन करके मिट्टी से बर्तन व कलात्मक वस्तुओं आदि का निर्माण करने वालों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हरियाणा में पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा पहले 6 लाख रुपये वार्षिक थी, जिसे बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दिया है।



**गोहाना।** समारोह में समाज के लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

#### प्रजापति समाज में कच्ची मिट्टी को विभिन्न आकार देने का हुनर

मंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में भी इन्हें 8 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। प्रजापति समाज में कच्ची मिट्टी को विभिन्न आकार देने का हुनर है। आपके हाथों में जो कला है, वह सिर्फ एक हुनर नहीं है, बल्कि वह भारत की आत्मा है। वह एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है। मंत्री ने बरोदा रोड स्थित प्रजापति धर्मशाला के सुधार के लिए 11 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर रामनिवास, सूरजमल, सुरेश यादव, प्रदीप डीघल, डॉ. भीम, अमित सैनी, डॉ गुलाब, मनोज मलिक, मास्टर रामकुमार, अनीता, उर्मिला, सरोज और लाजवंती आदि मौजूद रहे।

# जीवन का मार्गदर्शन करती है श्रीमद्भगवद गीता : तरुण

- श्रीमद् भागवत सप्ताह का शुभारंभ, कथा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता तरुण देवीदास एवं अन्य।

ओल्ड डीसी रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री सेवा समिति महावीर दल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह का शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री तरुण देवीदास ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता आज भी जीवन का अमूल्य मार्गदर्शन देती है। श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया ज्ञान हर युग में प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति जीवन की कठिनाइयों को दूर करना चाहता है तो उसे गीता में बताए गए उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने गीता के श्लोक "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥" का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें केवल अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए, फल की चिंता किए बिना। यही जीवन का सच्चा मार्ग है और हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करना चाहिए। कथा पांडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं भी सुचारू रखी गईं। इस अवसर पर हरीश चावला, हंसराज अरोड़ा, विजय चावला, अनमोल हसीजा, संजय पोपली सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अब गुरुजी आंदोलन स्थगित कर बाढ़ राहत कार्यों में जुटेंगे



**गोहाना।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र चहल ने कहा कि लगातार हो रही भारी वर्षा और नदियों में आई बाढ़ ने पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और हरियाणा में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पंजाब के सभी 23 जिले और हरियाणा के लगभग 2000 गांव बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। मजदूरी का काम ठप्प है। किसानों की फसलें और पशुधन बर्बाद हो गए हैं। चहल ने कहा कि संघ आंदोलन स्थगित करके बाढ़ राहत कार्यों में जुटेगा। नरेंद्र चहल ने कहा कि कई जगह स्कूल बंद हैं और बाढ़ से भवनों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित न रहकर राहत शिविरों में सक्रिय भूमिका निभाएं। सरकार प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा, किसानों व मजदूरों की क्षति की भरपाई, स्कूलों व सार्वजनिक भवनों की मरम्मत के लिए विशेष पैकेज दे।

# प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपाई बने मोनू

- राठधाना गांव में समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राठधाना गांव में रविवार को युवा समाजसेवी मोनू राठधना ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में भारी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली रहे। उनके साथ मंच पर विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान, खारखौदा विधायक पवन खरखोदा, सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन, गन्नौर विधानसभा प्रत्याशी भाई देवेंद्र कौशिक और बरोदा से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, विधायकगण, मोनू एवं अन्य।

#### जनता की सेवा करना ही संकल्प : मोनू

मंच संचालन का दायित्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री ने संभाला और अपने प्रभावशाली अंदाज से कार्यक्रम को सफल बनाया। विधायक पवन खरखोदा ने भी विधानसभा चुनावों में अपनी जीत का श्रेय मोनू राठधाना के अथक परिश्रम को दिया। विधायक निखिल मदान और कृष्णा गहलावत व मेयर राजीव जैन ने स्पष्ट किया कि युवा देश की ताकत हैं। कार्यक्रम में मोनू राठधाना ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे भाजपा की विचारधारा और नीतियों को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी और जनता की सेवा करना ही उनका संकल्प है। इनके दौरान ब्राह्मण समाज के जिला प्रधान अशोक शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल कुमार, रामफल अंतिल, रामकिशन राठधना, विकी भारद्वाज, त्रिभुवन कौशिक आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### खराब फसलों का मुआवजा दे सरकार

**सोनीपत।** भाकपा (माकपा) ने यमुना नदी के तटीय गांवों में बाढ़ और जलभराव से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत देने की मांग की है। रविवार को माकपा के जिला सचिव आनंद शर्मा और सीटू के जिला सचिव राजेश टोकी ने जगदीशपुर, मनौली टॉकी और खुर्मपुर सहित यमुना नदी के निकट बसे गांवों का दौरा किया और हालात का जायजा लिया। नेताओं ने बताया कि यमुना का जलस्तर घटने से ग्रामीणों को फिलहाल कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है। मौसम विभाग ने 20 सितंबर तक बारिश की संभावना जताई है, ऐसे में ग्रामीणों को सतर्क रहने और आपसी सहयोग बनाए रखने की आवश्यकता है।

# सीबीएसई क्लस्टर में आरपीएस ने वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेटरी विजय सिंह यादव ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पाया। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने खिलाड़ियों को बधाई दी। सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। कर सम्मानित किया।प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि आरपीएस विद्यालय के बच्चे आज हर क्षेत्र में अव्वल है।



**महेंद्रगढ़।** विजेता आरपीएस की वालीबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

#### यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा : पवित्रा

ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में आरपीएस विद्यालय खेलों के क्षेत्र में और भी ऊंचाइयां हासिल करेगा। ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की लगन और कोचों के मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि दोनों ही वर्गों की टीमें अंतिम दौर तक पहुंचीं और उपविजेता बनने में सफल रही। यह सब विद्यालय प्रबंधन की दूरगामी सोच, मेहनत स्टाफ व विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है।



**गन्नौर।** जैन संस्था के प्रधान आनंद जैन, कालेज प्राचार्य डा. मनोज स्टाफ के साथ पौधरोपण करते हुए।

### जैन स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया अनंत चतुर्दशी पर्व

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर अनंत चतुर्दशी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक प्रभावना का संदेश देने के उद्देश्य से पूजा विधान द्वारा की गई। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधान आनंद जैन व उनके परिजनों, प्रधानाचार्या भूषण भाटिया, कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज, मोनिका, उप प्रधानाचार्या शालिनी जैन,सौरभांचल कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्रधान आन्नद जैन, विद्यालय एवं कॉलेज स्टाफ के सदस्यों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर क्षमा वाणी पर्व मनाया गया। इसके बाद संस्था के प्रधान आनंद जैन का जन्मदिन केक काटकर मनाया। सभी शिक्षकों व जैन समाज के सदस्यों ने प्रधान आन्नद जैन को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। शिक्षकों ने उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं को जीवंत रूप दिया। तत्पश्चात णमोकार मंत्र की प्रस्तुति के पश्चात अध्यापकों ने अपनी -अपनी भावनाओं को गीतों के माध्यम से नृत्य के माध्यम से नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया।

# 35 लाख की लागत से कम्युनिटी सेंटर के विकास कार्यों का शुभारंभ

विधायक व मेयर की मौजूदगी में शुरू किए विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन के साथ वार्ड नंबर - 4, सेक्टर-12 स्थित कम्युनिटी सेंटर के जीर्णोद्धार कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि करीब 35 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्र का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें टूटी हुई चारदीवारी का नया निर्माण, पार्क व आसपास के क्षेत्र की मरम्मत शामिल है। मेयर राजीव जैन ने बताया कि कम्युनिटी सेंटर में शौचालय और हॉल की मरम्मत की जाएगी।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक, मेयर, पार्षद एवं अन्य।

#### सभी दीवारों को प्लास्टर किया जाएगा

सभी दीवारों पर प्लास्टर किया जाएगा और नया गेट लगाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य सुविधाओं को भी दुरुस्त कर क्षेत्र की जनता को स्वच्छ व सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। बता दें कि स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में पिछले कई वर्षों से बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सेवा से जुड़ी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इस मौके पर निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक, त्रिभुवन कौशिक, नितिन जैन, भूपेंद्र गहलावत, पवन तनेजा, रमेश जैन, पवन जैन, सुरेश जैन, विनोद जैन, श्रीपाल जैन, मीनू अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**सोनीपत।** इंडियन स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

### सीबीएसई नेशनल जूडो चैम्पियनशिप में इंडियन स्कूल ने पाया प्रथम स्थान

**सोनीपत।** इंडियन मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई नेशनल जूडो चैम्पियनशिप का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो कबड्डी स्टार प्रदीप नरवाल पहुंचे और फाइनल मुकाबलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पदक वितरण समारोह में विजेता खिलाड़ियों और टीमों को सीबीएसई ऑब्जर्वर, विद्यालय प्राचार्य, टूर्नामेंट डायरेक्टर और मैट इंचार्ज ने सम्मानित किया। ओवरऑल चैम्पियनशिप में इंडियन स्कूल ने बाजी मारी। लड़कों की ओवरऑल ट्रॉफी इंडियन स्कूल ने जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि दूसरा स्थान गवर्नमेंट मॉडल स्कूल हिसार को मिला। लड़कियों की ओवरऑल ट्रॉफी भी इंडियन स्कूल के नाम रही और दूसरा स्थान शाह सतनाम स्कूल सिरसा को मिला। विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने सभी प्रांतों से आए खिलाड़ियों व कोचों को बधाई दी और आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। मुख्य अतिथि प्रदीप नरवाल ने विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट की, वहीं प्राचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर कठोर परिश्रम आवश्यक है।

**कार्यक्रम** — गांव छिछड़ाना में गठवाला खाप के चबूतरे पर पूर्व राज्यपाल का श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को भारत रत्न सम्मान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव छिछड़ाना में गठवाला खाप के चबूतरे पर रविवार को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। समारोह में हरियाणा, उतरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान से विभिन्न खापों के प्रतिनिधियों ने पूर्व राज्यपाल को श्रद्धांजलि दी और केंद्र सरकार से उनको भारत रत्न सम्मान मांग की। समारोह की अध्यक्षता गठवाला खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप मलिक ने की। गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मदीना ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का पूरा जीवन राष्ट्र व समाजसेवा में बीता। वह राजनीति से ऊपर उठकर बेबाकी से वह एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने बिहार, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, गोवा और मेधालय के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। जब वे जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे तभी वहां से धारा 370 को हटाया गया। कर्ण चौटाला ने कहा कि सत्यपाल मलिक राजनीति से ऊपर उठकर बेबाकी से किसानों की आवाज उठाते थे। सरकार द्वारा उनको राजकीय सम्मान न देना निंदा का विषय है।



**गोहाना।** समारोह में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देते हुए प्रबुद्ध नागरिक।

#### ये रहे मौजूद

समारोह में राजस्थान के संगरिया से सुनील मलिक, दिल्ली से आरके राठौर, संजय देशवाल, रमेश दला, डॉ. ओमप्रकाश धनखड़, राजेंद्र खत्री, सूबे सिंह समैण, रघुवीर नैन, रणधीर सिंह सरोहा, सतबीर गहलावत, जगवंत हुड्डा, हंसराज राठी, मित्रपाल मलिक, राजबीर मुंडेप, रामकुमार सोलंकी रामकुमार मलिक, सरदार सुखदेव सिंह विर्क, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, जोगेंद्र मलिक, कृष्ण मलिक, सुरेंद्र लठवाल,अनूप दहिया, रामकिशन मलिक, विकास मलिक, ओमवीर खासा और आशीष सुहाग सहित अन्य प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

#### अपनी 7,200 बीघा जमीन भी बेच दी

उत्तर प्रदेश से मलिक खाप के अध्यक्ष मित्र पाल मलिक ने कहा कि सतपाल मलिक के पूर्वजों के पास 7200 बीघा का जमीन थी, वह खुद ही राजा थे। उन्होंने अपने हिस्से की पूरी जमीन राजनीतिक व सामाजिक कार्यों के लिए बेच डाली।

#### 14 को राष्ट्रीय स्तर पर समारोह

14 सितंबर को अंबेडकर भवन दिल्ली में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का राष्ट्रीय स्तर पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होगा। 5 अगस्त 2026 को पूर्व पहली पुण्यतिथि पर देश में पांच हजार स्थानों पर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होंगे।

### *लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को लेकर 14 सितंबर को होगा कन्वेंशन*

*सोनीपत। सेंटर फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेसी एंड सेक्युलरिज्म द्वारा 14 सितम्बर को सुबह 11 बजे बार एसोसिएशन हॉल, सोनीपत में एक महत्वपूर्ण कन्वेंशन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज में बढ़ती अधिनायकवाद व सांप्रदायिकता के विरोध में जागरूकता फैलाना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है।*

OSCAR SUPER SPECIALITY HOSPITAL & TRAUMA CENTER, SONIPAT
Urgently Required
Walk in Interview
• RECEPTIONIST M/F
• MALE/FEMALE NURSING STAFF
• SECURITY GUARD MALE
• TELECOLLING FEMALE STAFF
• NURSING INCHARGE
• RMO/MBBS DOCTOR
• SWEEPER • ULTRASOUND TYPIST
NEAR CIVIL HOSPITAL, SONEPAT
M. 9518861810, 9992093331